EM 13 साल
# सच्चा दोस्त
सच की कलम, समाज के संग
सच्चा दोस्त — हर खबर, आपके लिए



Dr. Vinayaka Shok Luniyan Jain

इंदौर, दिनांक : 09 जुलाई 2026, वार : गुरुवार, वर्ष : 01, अंक : 19, मूल्य : 1 रुपया, पेज : 14

















## पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने पर कनिष्ठ सेवा संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किया सम्मान

इंदौर, 8 जुलाई 2026। प्रदेश में लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया दोबारा शुरू किए जाने के निर्णय पर कनिष्ठ सेवा संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पीथमपुर प्रवास के दौरान स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया शुरू होने से कर्मचारियों को उनकी योग्यता और अनुभव के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, कार्यक्षमता में सुधार होगा तथा प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के हित में लिए गए निर्णयों को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासनिक



व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ऐसे सकारात्मक कदम आगे भी जारी रहेंगे।

## पीथमपुर बना मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास का नया केंद्र, २७२ करोड़ के निवेश से लिउगोंग के नए प्लांट का उद्घाटन

इंदौर, 8 जुलाई 2026। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में विश्व की अग्रणी हैवी अर्थ मूवर्स निर्माता कंपनी लिउगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन किया। कंपनी ने अपने विस्तार के तहत 272 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश कर नई उत्पादन इकाई स्थापित की है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी और 5 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीथमपुर मध्यप्रदेश की औद्योगिक अर्थव्यवस्था का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है और राज्य सरकार यहां 'मेक इन एमपी' का मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर चुका है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई उत्पादन इकाई शुरू होने के बाद कंपनी की वार्षिक उत्पादन क्षमता 3,250 मशीनों से बढ़कर 7,500 मशीनें हो जाएगी। साथ ही स्थानीय उद्योगों से खरीदे जाने वाले कंपोनेंट्स की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगी, जिससे प्रदेश के एमएसएमई और ऑटो कंपोनेंट उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में मध्यप्रदेश



को लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त हुआ है। केवल वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में ही राज्य को 76,862 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनसे 82 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पीथमपुर पहले से ही ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग उद्योगों का प्रमुख केंद्र है, जहां लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है और चार से पांच लाख लोगों को रोजगार मिला है। राज्य सरकार पीथमपुर को ग्रीन इंडस्ट्री, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और वैश्विक निर्यात के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित कर रही है।

लिउगोंग कंपनी के वैश्विक पदाधिकारियों ने कहा कि नई इकाई न केवल भारत में उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी बल्कि अनुसंधान एवं आधुनिक मशीन निर्माण का भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## मानव अधिकार आयोग ने स्कूल बैग के वजन, शुद्ध पेयजल और शिकायत प्रकोष्ठ के आधुनिकीकरण पर की समीक्षा



इंदौर, 8 जुलाई 2026। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने इंदौर प्रवास के दौरान रेसीडेंसी कोठी में आयोग मित्रों के साथ बैठक कर मानवाधिकार संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में इंदौर स्थित मानव अधिकार आयोग के शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय के नवीनीकरण, स्कूली बच्चों के बैग के वजन के मानक तय करने, स्कूल बसों और वैन में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने की समस्या तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

डॉ. सिंह ने कहा कि मानव अधिकार आयोग नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आयोग को प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण किया जाता है तथा जहां भी मानवाधिकारों का उल्लंघन सामने आता है, वहां आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

उन्होंने कहा कि शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय के आधुनिकीकरण से जनसुनवाई की व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी और आम नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। बैठक में आयोग मित्रों एवं संबंधित अधिकारियों ने भी विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए।

## पीथमपुर में किसान इरिगेशन की चौथी विनिर्माण इकाई शुरू, कृषि और जल प्रबंधन को मिलेगी नई मजबूती



इंदौर, 8 जुलाई 2026। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की चौथी आधुनिक विनिर्माण इकाई का लोकार्पण किया। उन्होंने नई फैक्ट्री का निरीक्षण कर अत्याधुनिक मशीनों और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली तथा कंपनी द्वारा कृषि, सिंचाई और जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है ताकि युवाओं को रोजगार, किसानों को आधुनिक तकनीक और प्रदेश को आर्थिक मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि आधुनिक ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली जल संरक्षण के साथ कृषि उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

नई इकाई में एचडीपीई और डीडब्ल्यूसी पाइप्स का निर्माण किया जाएगा, जिनका उपयोग कृषि, सिंचाई और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में होगा। कंपनी के अनुसार वर्तमान में उसकी पांच उत्पादन इकाइयां संचालित हैं, जिनमें से चार पीथमपुर में स्थित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों का विस्तार केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास का आधार भी है। नई इकाई से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश के कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक का लाभ मिलेगा।

## पीथमपुर में एटीएफसी आदित्य टेक्नो फेब की दूसरी यूनिट शुरू, रेलवे निर्माण क्षेत्र में बढ़ेगी मध्यप्रदेश की भागीदारी

इंदौर, 8 जुलाई 2026। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीथमपुर के सेक्टर-3 में एटीएफसी आदित्य टेक्नो फेब प्राइवेट लिमिटेड की दूसरी विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। उन्होंने आधुनिक उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण करते हुए इसे प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी





के नेतृत्व में देश में रेलवे अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है और स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। ऐसे समय में रेलवे क्षेत्र के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि पीथमपुर देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल हो चुका है और यहां स्थापित उद्योग प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं।

कंपनी प्रबंधन ने बताया कि वर्ष 2017 में स्थापित एटीएफसी आदित्य टेक्नो फेब रेलवे कोच निर्माण, रेलवे फैब्रिकेशन, ऑटोमोबाइल फैब्रिकेशन, फाउंड्री कार्य और प्री-इंजीनियर्ड बिल्डिंग निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत है। नई इकाई शुरू होने से उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।









## स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स अनिवार्य, रोजगार और कौशल आधारित शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा

इंदौर, 8 जुलाई 2026। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स अनिवार्य कर दिया है। दूसरे सेमेस्टर में प्रत्येक विद्यार्थी को दो क्रेडिट का एक वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम चुनना होगा।

इन पाठ्यक्रमों में रोजगार एवं उद्यमिता कौशल, योग एवं ध्यान, पर्यावरण संरक्षण, शोध लेखन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस एथिक्स, बिजनेस एनालिटिक्स और नवाचार जैसे विषय शामिल किए गए हैं।

विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय ज्ञान के साथ रोजगारपरक कौशल, नैतिक मूल्यों और आधुनिक तकनीकी दक्षताओं से जोड़ना है। सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम चयन में मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए गए हैं।

## जादू अंधविश्वास नहीं, हाथ की सफाई और विज्ञान आधारित कला है : ओ.पी. शर्मा

इंदौर (ईएमएस)। जादू किसी मायाजाल या अंधविश्वास का नाम नहीं, बल्कि हाथ की सफाई, अभ्यास और विज्ञान पर आधारित एक कला है। इसके प्रति लोगों में कई तरह के भ्रम और धार्मिक मान्यताएं जुड़ी हुई हैं, जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। लोगों को जादू सीखना चाहिए, क्योंकि इसका भविष्य उज्ज्वल है और यह मनोरंजन की लोकप्रिय विधाओं में से एक है।

यह बात प्रख्यात जादूगर ओ.पी. शर्मा ने बुधवार को इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि इंदौर में चल रहे उनके जादू शो को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जादू उनके परिवार का पुश्तैनी व्यवसाय है और वे वर्षों से इस कला के माध्यम से



लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ अंधविश्वास के प्रति जागरूकता का संदेश भी दे रहे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत में इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक कर्दम, पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, महासचिव प्रदीप जोशी, उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी तथा कार्यकारिणी सदस्य अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, विजय भट्ट और लक्ष्मीकांत पंडित ने ओ.पी. शर्मा का स्वागत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अर्द्धेंदु भूषण, राजेंद्र कोपरगांवकर, डॉ. अर्पण जैन, लखन शर्मा, संजय लाहोटी, प्रवीण बरनाले, प्रवीण सावंत, बंटी गुंजाल, नवीन मौर्य, यशवंत पंवार, गौरव जाजोरिया, विशाल, नाना नागर, मार्टिन पिंटो सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उच्च शिक्षा में प्रवेश बढ़ाने के लिए ८ से १५ जुलाई तक लगेगा 'प्रवेश मेला'

इंदौर, 8 जुलाई 2026। प्रदेश के शासकीय, अशासकीय और निजी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों को भरने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने 8 से 15 जुलाई तक विशेष 'प्रवेश मेला' आयोजित करने का निर्णय लिया है।

अतिरिक्त सीएलसी राउंड के दौरान विद्यार्थियों को पंजीयन, चॉइस फिलिंग, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन और शुल्क भुगतान जैसी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

महाविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि लंबित विद्यार्थियों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही स्थानीय विद्यालयों, जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों के सहयोग से जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

उच्च शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि अधिकतम पात्र विद्यार्थियों को इसी अवधि में उच्च शिक्षा से जोड़ा जाए।

## इंदौर में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, स्कूल किचन से लिए ६ खाद्य नमूने; एक्सपायरी उत्पाद कराए नष्ट

इंदौर, 8 जुलाई 2026। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के निर्देशों के तहत कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बुधवार को खंडवा रोड स्थित एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान विद्यालय के किचन और भंडार कक्ष की गहन जांच की गई तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए।

निरीक्षण के दौरान गिलकी की सब्जी, पोहा, मिक्स्ड फ्रूट जैम, मिर्च पाउडर, नमक और घी सहित कुल छह खाद्य नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जांच में किचन की पेस्ट कंट्रोल व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली, जबकि पेयजल परीक्षण की रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अलावा रसोई में जंग लगे चाकू और चॉपिंग बोर्ड पाए गए, जिन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। खाद्य सामग्री के भंडारण में 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' (इइइध) प्रणाली का पालन भी नहीं किया जा रहा था। विद्यालय प्रबंधन को सभी कमियों को शीघ्र दूर करने और खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसी दौरान एक उपभोक्ता की शिकायत पर शीतल किराना दुकान का भी निरीक्षण किया गया। शिकायत में एक्सपायरी डेट समाप्त होने के बाद पेपर बोट स्विग गोवा पेय पदार्थ बेचे जाने की बात कही गई थी। जांच में दुकान पर बिक्री के लिए कोई एक्सपायरी खाद्य सामग्री नहीं मिली, लेकिन गोदाम में नष्ट किए जाने के लिए अलग रखी गई पेय पदार्थ की 12 पेटियां मिलीं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की मौजूदगी में सभी एक्सपायरी उत्पादों का विधिवत नष्ट कराया गया।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता, स्वच्छता अथवा एक्सपायरी तिथि को लेकर शिकायत हो तो तत्काल खाद्य सुरक्षा प्रशासन या कलेक्टर हेल्पलाइन पर सूचना दें, ताकि त्वरित जांच और कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## धार में ५८९.६३ हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त, अब होगा सागौन का पुनर्वनीकरण

इंदौर, 8 जुलाई 2026। वन भूमि संरक्षण अभियान के तहत धार वन मंडल ने जनवरी से मई 2026 के बीच बड़ी कार्रवाई करते हुए 589.63 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यह अभियान जिला प्रशासन, पुलिस, ग्राम वन समितियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सात वन परिक्षेत्रों में चलाया गया।

अतिक्रमण हटाने के बाद अब इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक पद्धति से सागौन रूट-शूट रोपण कर पुनर्वनीकरण किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है।

वन विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर भारतीय वन अधिनियम-1927 सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएंगे तथा पुलिस कार्रवाई भी की जाएगी।

विभाग ने नागरिकों से वन संपदा की सुरक्षा में सहयोग करने और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की है।

## अब SWAYAM पोर्टल से ४० प्रतिशत तक क्रेडिट प्राप्त कर सकें-ंगे विद्यार्थी, यूजीसी ने जारी किए नए निर्देश

इंदौर, 8 जुलाई 2026। उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ और आधुनिक बनाने की दिशा में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बड़ा निर्णय लिया है। जुलाई 2026 सत्र से सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को SWAYAM पोर्टल के ऑनलाइन कोर्स को अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

यूजीसी के अनुसार विद्यार्थी अपनी डिग्री के कुल 40 प्रतिशत तक क्रेडिट ऑनलाइन माध्यम से अर्जित कर सके-ंगे। चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के 160 क्रेडिट में से 64 क्रेडिट तक SWAYAM पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जा सकेंगे।

SWAYAM भारत सरकार का राष्ट्रीय ऑनलाइन शिक्षा मंच है, जहां आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ शिक्षक विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम संचालित करते हैं। छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, डिजिटल मार्केटिंग सहित अनेक आधुनिक विषयों का अध्ययन कर सकेंगे।

यूजीसी ने सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे विद्यार्थियों को ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की जानकारी दें, उन्हें उचित परामर्श उपलब्ध कराएं तथा अर्जित क्रेडिट को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में दर्ज कर डिग्री में

## इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ४५ लाख की साइबर ठगी, अहमदाबाद से आरोपी गिरफ्तार; पीड़ित को १५ लाख रुपये लौटाए गए

इंदौर, 9 जुलाई 2026। मध्यप्रदेश के इंदौर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 45 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में स्टेट साइबर सेल को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुजरात के अहमदाबाद से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने खुद को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ऊँध) का अधिकारी बताकर एक सेवानिवृत्त रेलवे अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाया और उनसे लाखों रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए।

**रिटायर रेलवे अधिकारी को बनाया निशाना**

पुलिस के अनुसार, पीड़ित इंदौर के रहने वाले सेवानिवृत्त रेलवे मंडल संरक्षा अधिकारी हैं, जो अकेले रहते हैं, जबकि उनके बच्चे विदेश में निवास करते हैं। बीते वर्ष 9 अगस्त 2025 को उन्हें एक फोन कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को ऊँध का अधिकारी बताया। आरोपी ने दावा किया कि पीड़ित के मोबाइल नंबर का उपयोग गंभीर आपराधिक गतिविधियों में किया जा रहा है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होने वाली है।

इसके बाद साइबर ठगों ने वीडियो कॉल और स्काइप के माध्यम से लगातार लगभग 24 घंटे तक पीड़ित को मानसिक दबाव में रखा। इस दौरान उन्हें कथित गिरफ्तारी वारंट और जांच की झूठी जान-ाकारी देकर डराया गया तथा किसी से सं-पर्क न करने के निर्देश दिए गए।

**डर का फायदा उठाकर कराए 45 लाख रुपये ट्रांसफर**

साइबर अपराधियों ने जांच और सत्यापन के नाम पर पीड़ित से उनकी बैंक जमा राशि, चल-अचल संपत्ति और वित्तीय स्थिति की पूरी जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद उन्हें यह कहकर भयभीत किया गया कि यदि वे जांच में सहयोग नहीं करेंगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसी दबाव के चलते पीड़ित ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 45 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने स्टेट साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।


## इंदौर की वंशिका अरोरा ने संगीत जगत में बढ़ाया शहर का मान

इंदौर की प्रतिभाशाली युवा गायिका एवं संगीतकार वंशिका अरोरा ने अपनी उपलब्धियों से शहर का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बावजूद, शिक्षकों और अभिभावकों के शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने के सुझावों के बीच वंशिका ने अपने जुनून—संगीत—को ही करियर के रूप में चुनने का साहसिक निर्णय लिया।

बचपन से संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहीं वंशिका ने चेन्नई स्थित ए.आर. रहमान म्यूजिक अकादमी में अपनी तालीम को आगे बढ़ाया, जहां उन्हें संगीतकार ए.आर. रहमान के साथ मंच साझा करने का अवसर भी मिला।

इसके बाद उन्होंने अमेरिका के बोस्टन स्थित विश्वविख्यात बर्कली कॉलेज ऑफ म्यूजिक से छात्रवृत्ति के साथ स्नातक की उपाधि उत्कृष्ट अंकों के साथ प्राप्त की। अध्ययन के दौरान उन्होंने ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज के लिए रिकॉर्डिंग की, बर्कली हिंदुस्तानी एंसेंबल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा साउथ एशियन कल्चरल एसोसिएशन के साथ अनेक प्रस्तुतियां दीं।

हाल ही में वंशिका ने अपना पहला एकल गीत 'इकरार' जारी किया है, जिसे स्पॉटिफाई, यूट्यूब म्यूजिक सहि-त विभिन्न संगीत मंचों पर श्रोताओं का भरपूर स्नेह मिल रहा है। उनकी गायकी



में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की मधुर छाप स्पष्ट रूप से सुनाई देती है।

वर्तमान में वंशिका लॉस एंजेल्स में रहकर संगीत निर्माण के क्षेत्र में अपनी पहचान सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत हैं। उनका सपना विश्वभर में संगीत के माध्यम से अपने शहर और देश का नाम रोशन करना है।




# मानसून ने फिर उजागर की भारतीय शहरों की कमजोर तैयारियां, जलभराव, जाम और बदहाल बुनियादी ढांचे ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें




नई दिल्ली, 9 जुलाई 2026: देशभर में सक्रिय मानसून ने एक बार फिर भारत के अनेक शहरों की शहरी व्यवस्थाओं और बुनियादी ढांचे की वास्तविक स्थिति को सामने ला दिया है। कई राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव, ट्रैफिक जाम, सीवर ओवरफ्लो, बिजली आपूर्ति में बाधा, सड़क धंसने और कचरे के ढेर जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। महानगरों से लेकर मध्यम और छोटे शहरों तक लाखों लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही शहरी योजना की कमियों, कमजोर रखरखाव और अनियोजित विकास का परिणाम भी है।

बारिश के दौरान कई शहरों में मुख्य सड़कें घंटों तक पानी में डूबी रहीं, जिससे कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अनेक स्थानों पर वाहनों की लंबी कतारें लगीं और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं भी प्रभावित हुईं। जलभराव के कारण कई निचले इलाकों में घरों और दुकानों में पानी भर गया, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश शहरों में वर्षा जल निकासी प्रणाली वर्तमान आबादी और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के अनुरूप विकसित नहीं हो सकी है। कई नालों की समय पर सफाई नहीं होने, उनमें कचरा जमा होने तथा अवैध अतिक्रमण के कारण बारिश का पानी तेजी से निकल नहीं पाता। परिणामस्वरूप सामान्य से थोड़ी अधिक वर्षा भी व्यापक जलभराव का कारण बन जाती है।

तेजी से हो रहे शहरी विस्तार ने भी स्थिति को जटिल बनाया है। अनेक क्षेत्रों में प्राकृतिक जल निकासी मार्गों, तालाबों और जलाशयों पर निर्माण होने से वर्षा का पानी सुरक्षित रूप से बहने का रास्ता नहीं मिल पाता। इसके अलावा बिना वैज्ञानिक योजना के विकसित हो रही कॉलोनियां और अवैध निर्माण भी बाढ़ जैसी परिस्थितियों को बढ़ावा देते हैं।

बारिश के दौरान सड़कों की खराब गुणवत्ता भी सामने आने लगी है। कई स्थानों पर नई बनी सड़कें उखड़ गईं, गड्ढे बन गए और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया। खुले मैनहोल, टूटे फुटपाथ और लटकते बिजली के तार नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन गए हैं। कई शहरों में आपातकालीन सेवाओं को भी जलभराव और यातायात बाधित होने के कारण समय पर घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, टाइफाइड और अन्य जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। दूषित पानी और सीवर ओवरफ्लो के कारण पेयजल स्रोत भी प्रभावित हो सकते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका रहती है। इसलिए नागरिकों को स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, जलभराव वाले क्षेत्रों से बचने और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी गई है।

शहरी विकास विशेषज्ञों का कहना है कि केवल मानसून के दौरान अस्थायी राहत कार्य पर्याप्त नहीं होंगे। इसके लिए आधुनिक ड्रेनेज नेटवर्क, नियमित नाला सफाई, ठोस कचरा प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक जल निकासी मार्गों का संरक्षण, अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई तथा वैज्ञानिक शहरी नियोजन को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही नगर निकायों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को भी मजबूत करना आवश्यक है।

प्रशासन विभिन्न शहरों में जल निकासी, पंपिंग स्टेशनों के संचालन, राहत एवं बचाव कार्यों तथा सफाई अभियान के माध्यम से स्थिति सामान्य करने का प्रयास कर रहा है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि दीर्घकालिक सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो हर वर्ष मानसून के दौरान ऐसी समस्याएं दोहराई जाती रहेंगी।

मानसून ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत के शहरों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार, प्रभावी शहरी प्रबंधन और नागरिक सहभागिता की दिशा में ठोस एवं दीर्घकालिक कदम उठाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## 10 जुलाई 2026 का यह राशिफल

**अस्वीकरण (Disclaimer):** 10 जुलाई 2026 का यह राशिफल ग्रहों एवं नक्षत्रों की स्थिति के आधार पर किया गया एक ज्योतिषीय अनुमान मात्र है। इसका उद्देश्य केवल सामान्य जानकारी एवं मनोरंजन प्रदान करना है। वास्तविक जीवन में इसके प्रभाव, परिणाम अथवा घटनाओं के संबंध में किसी प्रकार का दावा या गारंटी नहीं की जाती है। सच्चा दोस्त मीडिया ग्रुप इस राशिफल के आधार पर लिए गए किसी भी व्यक्तिगत, व्यावसायिक अथवा अन्य निर्णय के परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। 10 जुलाई 2026 राशिभविष्य

### मेष (Aries)
आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। व्यापार में लाभ के संकेत हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन अधिक भागदौड़ से बचें।

### वृषभ (Taurus)
आर्थिक मामलों में आज सावधानी बरतने की आवश्यकता है। किसी भी निवेश से पहले सोच-विचार अवश्य करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा।

### मिथुन (Gemini)
आर्थिक मामलों में आज सावधानी बरतने की आवश्यकता है। किसी भी निवेश से पहले सोच-विचार अवश्य करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा और पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा।

### कर्क (Cancer)
भावनाओं में बहकर कोई बड़ा निर्णय न लें। कार्यस्थल पर धैर्य बनाए रखें। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों का मार्गदर्शन लाभदायक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और पर्याप्त आराम करें।

### सिंह (Leo)
आज आपको नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। करियर में उन्नति के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी और पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

### कन्या (Virgo)
आज योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन सकारात्मक रहेगा। खान-पान में संतुलन बनाए रखें।

### तुला (Libra)
आज संतुलित निर्णय लेने से लाभ होगा। व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा।
अनावश्यक विवादों से दूरी बनाए रखें। यात्रा के योग बन सकते हैं।

### वृश्चिक (Scorpio)
कार्यस्थल पर आपकी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक लाभ के अच्छे संकेत हैं। किसी पुराने मित्र से शुभ समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य में सुधार रहेगा। आत्मविश्वास बनाए रखें।

### धनु (Sagittarius)
आज भाग्य आपका साथ देगा। धार्मिक या आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नौकरी और व्यापार दोनों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा।

### मकर (Capricorn)
आज धैर्य और अनुशासन आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में लाभ के योग हैं। सेहत सामान्य रहेगी।

### कुंभ (Aquarius)
नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। मित्रों और सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। परिवार में खुशियों का वातावरण रहेगा।

### मीन (Pisces)
आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी और व्यापार में प्रगति के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा और मन प्रसन्न रहेगा। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें।









## सेफ क्लिक 2.0 अभियान का भव्य समापनः

# साइबर सुरक्षा के संदेश से जागरूक हुआ पूरा सागर जिला

सागर । 9 जुलाई 2026ः मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्यव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान का सागर जिले में 15 दिवसीय सफल आयोजन के बाद भव्य समापन हुआ। 24 जून से 8 जुलाई तक चले इस अभियान के दौरान जिलेभर में हजारों विद्यार्थियों, महिलाओं, व्यापारियों, किसानों, वरिष्ठ नागरिकों और शासकीय कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान का जिला स्तरीय समापन समारोह, साइबर मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन बंडा स्थित शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया (आईपीएस) मुख्य अतिथि तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जयवीर सिंह भदौरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।



**300 से अधिक विद्यार्थियों ने निकाली साइबर जागरूकता रैली**

समापन समारोह से पहले 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने नगर में विशाल साइबर जागरूकता रैली निकाली। विद्यार्थियों ने 'सोचें... समझें... फिर क्लिक करें', 'OTP किसी से साझा न करें', 'सजग नागरिक–सुरक्षित समाज' और 'साइबर अपराध से बचें, सतर्क रहें' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली ने पूरे नगर में साइबर सुरक्षा का प्रभावी संदेश पहुंचाया।

**साइबर मेले में दी गई ऑनलाइन ठगी से बचाव की जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान आयोजित साइबर सुरक्षा प्रदर्शनी में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ळइझ और बैंकिंग फ्रॉड, ध्ऊइ ठगी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फर्जी लिंक, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड, लोन ऐप धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग और पहचान चोरी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय प्रदर्शित किए गए।

पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को सलाह दी कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंकिंग जानकारी, ध्ऊइ या पासवर्ड साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

**प्रतियोगिताओं के विजेताओं का हुआ सम्मान**

अभियान के दौरान आयोजित पोस्टर, स्लोगन, निबंध, चित्रकला, भाषण, कविता, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, एकल गायन और नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया ने प्रमाण-पत्र, मेडल और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

**पुलिस अधीक्षक ने दिलाई साइबर सुरक्षा की शपथ**

अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, अज्ञात लिंक से दूरी बनाए रखने तथा साइबर अपराध होने पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों और विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जयवीर सिंह भदौरिया ने कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी ने नागरिकों से ऑनलाइन लेन-देन में विशेष सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की।

**पूरे जिले में चला व्यापक जनजागरूकता अभियान**

15 दिनों तक चले इस अभियान के दौरान जिले के सभी पुलिस अनुभागों और थाना क्षेत्रों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने हजारों लोगों को निवेश धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया अपराध, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी वेबसाइट, ध्ऊइ ठगी और अन्य ऑनलाइन अपराधों से बचने के सरल और प्रभावी उपाय बताए।

कार्यक्रम का समापन 'सोचें... समझें... फिर क्लिक करें' और 'सजग नागरिक–सुरक्षित समाज' के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। पुलिस प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि इस अभियान के माध्यम से साइबर सुरक्षा का संदेश जिले के हर नागरिक तक पहुंचा है और जागरूक समाज ही सुरक्षित डिजिटल भारत की सबसे मजबूत नींव है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार, पुलिस की त्वरित कार्रवाई



विदिशा । 9 जुलाई 2026ः विदिशा जिले की कुरवाई थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस तेज कार्रवाई को महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, 7 जुलाई को पीड़िता अपने परिजनों के साथ थाना कुरवाई पहुंची और आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना तंत्र और लगातार की गई घेराबंदी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS), पॉक्सो अधिनियम (POCSO Act) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना कुरवाई पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के मामलों में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जा रही है और ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ त्वरित एवं कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जा सके।

## देवरी के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश संकट :

# सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में

**समाधान की मांग के बावजूद प्रशासनिक उदासीनता, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी**

देवरी/सागर (ईएमएस)। सागर जिले के देवरी स्थित शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय में 10वीं और 11वीं कक्षा में प्रवेश न मिलने से छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। सैकड़ों छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक प्रशासनिक लापरवाही से चिंतित हैं।

कुछ दिन पूर्व छात्रों और अभिभावकों ने देवरी के एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र प्रवेश की मांग की थी। सूत्रों के अनुसार, अभी तक 200 से 500 छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं मिल सका है। इस देरी से छात्रों का शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है, जिससे उनका भविष्य चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है।

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पांडे ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही सभी पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा विभाग की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए इसे चिंता का विषय बताया।अभिभावकों का कहना है कि वे दो माह से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। इस मामले में विद्यालय के प्राचार्य ने मीडिया से बात करने से बचते हुए स्थिति को और जटिल बना दिया है। शिक्षा विभाग की ओर से भी अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।




गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 14 जून को सागर जिले के केसली से शासकीय सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ करते हुए शिक्षा व्यवस्था को सुधारने का संदेश दिया था। ऐसे में देवरी के इस विद्यालय में प्रवेश को लेकर उठे सवाल स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े कर रहे हैं।

फिलहाल, शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधन का कहना है कि मै इस बारे मे मीडिया से कोई चर्चा नहीं करना चाहता हूं।









# संगठन ने लगाये पुलिस पर इकतरफा कार्यवाही के आरोप

महाराजपुर (ईएमएस)। देवरी विधानसभा के महाराजपुर थाना अंतर्गत ग्राम झमारा में मंगलवार रात में लगभग 2 माह पुराने केस में फरार आरोपी रविन्द्र लोधी को पकड़ने पुलिस ने दबिश दी,और उसकी जानकारी से संबंधित पूछताछ के लिए उसके भाई नरेन्द्र लोधी को थाने ले आई । बस इसी बात को लेकर पुलिस का भगवती संगठन के लोगों ने सुबह थाने पहुंचकर विरोध किया। और अवैध शराब बंदी को लेकर चल रहे अभियान की कार्यवाही के प्रतिउत्तर बदले की भावना से ग्राम की ही एक महिला द्वारा रविन्द्र को झूठे केस में फसाने का आरोप लगाया। संगठन के दमोह जिला उपाध्यक्ष रामसिंह लोधी द्वारा बताया गया कि अवैध शराब बंदी के विरुद्ध सभी जगह आंदोलन किया जा रहा है। ऐसे में अवैध शराब विक्रेताओं से नोंक झोंक होती है। जिसमें वह महिलाओं को आगे रखकर पीछे से झूठे केस में फसाने की कार्यवाही करवाना चाहते हैं । जिसकी पुलिस को निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह की समझाइश और आश्वासन ने ग्रामीणों और संगठन के लोगों को संतुष्ट किया।

जब इस संबंध में महाराजपुर थाना प्रभारी अजय भदौरिया से बात हुई तो उन्होंने बताया कि दो दिन पहले झमारा ग्राम में अवैध शराब बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर दिया गया है। एक फरार आरोपी की तलाश जारी है उसे भी जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। यह जो मामला है वह लगभग 2 माह पहले का है। जिसमें रविन्द्र लोधी आरोपी है। उसे पकड़ने पुलिस ने दबिश दी थी। जिससे लोगों में असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई थी। लोगों को समझाइश देकर संतुष्ट किया गया है, और आगामी समय में ग्राम में हो रही किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करें, चुप्पी नहीं समाधान चुनें- सुश्री आमोदे

खरगोन (ईएमएस)। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल तथा उमंग के अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए मेंटल हेल्थ एंड वेलेनस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा सकारात्मक एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

मुख्य वक्ता सुश्री काजल आमोदे ने विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ होने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बीच का अंतर सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करें, चुप्पी नहीं समाधान चुनें। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति तनावपूर्ण परिस्थितियों का बेहतर सामना कर सकता है, जबकि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान एवं उचित सहायता अत्यंत आवश्यक होती है। उन्होंने अवसाद, चिंता, तनाव एवं अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के प्रकार, उनके प्रमुख लक्षण तथा समय रहते सहायता लेने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन का अंतिम उद्देश्य केवल सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि संतुष्टि प्राप्त करना है, क्योंकि वास्तविक सुख संतुष्टि से ही मिलता है। उन्होंने नियमित ध्यान, व्यायाम, संतुलित दिनचर्या, पर्याप्त नींद तथा मोबाइल फोन के अनावश्यक उपयोग को कम करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में गगन चौधरी ने विद्यार्थियों को विभिन्न सफल व्यक्तियों के जीवन संघर्षों एवं प्रेरणादायक प्रसंगों के माध्यम से यह संदेश दिया कि निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से कठिन से कठिन परिस्थितियों पर भी विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियां व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं। असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ?ा ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रणिता गुप्ता ने किया।


### अयोध्या राम मंदिर कथित चंदा घोटाला

# कांग्रेस ने भगवान हनुमान जी की शरण में सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**हरदा । 9 जुलाई 2026: अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा घोटाले के मुद्दे पर मध्यप्रदेश के हरदा में कांग्रेस ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। सरकारी कार्यालयों में ज्ञापन देने के बजाय कांग्रेस कार्यकर्ता कोर्ट परिसर के सामने स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे और भगवान हनुमान की शरण में प्रतीकात्मक ज्ञापन सौंपकर कथित मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।**

कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने आरोप लगाया कि यदि राम मंदिर के नाम पर किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता हुई है तो यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ विश्वासघात है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद व्यास ने भी कथित मामले पर चिंता जताते हुए कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े किसी भी विषय में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों को कानून के अनुसार दंडित करने की मांग की।




विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमान से प्रार्थना की कि सरकार को सद्बुद्धि मिले और यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो।

कांग्रेस के इस अनोखे विरोध प्रदर्शन की क्षेत्रभर में व्यापक चर्चा रही। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लिया और धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## जिले में 20 घंटे से बारिश का दौर जारी, शहर हुआ तरबतर




खरगोन (ईएमएस)। जिले में मौसम विभाग का बारिश को लेकर जारी अलर्ट सही साबित हो रहा है। पिछले 20 घंटे से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। शहर सहित आसपास के इलाकों में मंगलवार शाम 6 बजे से जारी बारिश का दौर बुधवार दोपहर 2 तक जारी रहा। मौसम के मेहरबान होने से जहां जलस्त्रोतों में जलस्तर बढ? लगा है, वही खेतों में सिंचाई की समस्या भी खत्म हो रही है।

हालांकि लगातार बारिश का असर अब जनजीवन पर पड? लगा है। दिनभर हो रही बारिश से लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई तो वही लगातार हो रही बारिश से कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। भू-अभिलेख विभाग ने इस वर्षाकाल में 1 जुलाई से अब तक औसत करीब 9.4 इंच बारिश दर्ज की है। इस वर्षाकाल में सबसे ज्यादा बारिश बड़वाह तहसील में 342 मिमी, जबकि सबसे कम बारिश झिरन्या तहसील में 159 मिमी दर्ज की गई है।

लगातार हो रही इस झमाझम और रिमझिम वर्षा के कारण जिले के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। तहसील कार्यालय स्थित मौसम वैधशाला में न्यूनतम तापमान 19.2 व अधिकतम तापमान 28.8 दर्ज किया गया है। सुबह 8.30 से सायं 5.30 बजे तक खरगोन तहसील में 10.2 मिमी बारिश दर्ज की गई।




# श्री राम कृष्ण धाम में भगवान के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

**देवास (ईएमएस)। कालानी बाग स्थित श्री राम कृष्ण धाम में चल रहे प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को भगवान के श्रीविग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का पावन अनुष्ठान विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर भगवान के सहस्त्रनामों के उच्चारण के साथ विशेष हवन संपन्न कराया गया तथा राजोपचार पूजन किया गया। यजमान दंपति ने क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना करते हुए वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में विशेष हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। प्रातःकाल भगवान के मंडल, यज्ञ मंडलों का पूजन एवं अर्चन संपन्न हुआ।

पूरे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भक्ति एवं श्रद्धा के साथ अनुष्ठानों में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि गुरुवार प्रातः भगवान के पूजन एवं आकर्षक श्रृंगार के पश्चात यज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

इसके बाद महाप्रसादी एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।









# कलियुग में सर्वाधिक पूजनीय देवता के रूप में श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं खाटू श्याम बाबा, 10 जुलाई को होगा विशेष महोत्सव

**देवास ( ईएमएस )। कलियुग में करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के केंद्र माने जाने वाले खाटू श्याम बाबा को हारे के सहारे के रूप में देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी बड़ी श्रद्धा से पूजा जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक को वरदान दिया था कि कलियुग में वे श्याम नाम से सर्वाधिक पूजे जाएंगे।**
यही कारण है कि आज कनाडा, रूस, ब्रिटेन सहित अनेक देशों में भी खाटू



श्याम बाबा के भव्य मंदिर स्थापित हैं और लाखों श्रद्धालु उनकी भक्ति में लीन रहते हैं। श्याम प्रभु के सेवक श्याम शर्मा ने बताया कि 10 जुलाई को देवास के अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में बाबा श्याम का भव्य एवं मनोहारी फूल-बंगला में श्रृंगार किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए पवित्र अखंड ज्योत के दर्शन भी होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला मंडल की राधा ठाकुर द्वारा संगीतमय श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

इसके पश्चात बाबा श्याम को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। भोग आरती दोपहर 12 बजे होगी। पूरे दिन मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहेगा। वहीं सायं 7:30 बजे बाबा श्याम की भव्य महाआरती संपन्न होगी। मंदिर समिति ने सभी श्याम प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार मां-दिर पधारकर बाबा श्याम के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने तथा इस दिव्य धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

# बेटे ने कुल्हाड़ी से पिता की हत्या की, शराब की लत से परेशान था



मंडला (ईएमएस)! मंडला में बेटे ने अपने ही पिता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। आरोपी बेटा अपने शराबी पिता को समझाने की नीयत से नागपुर से गांव आया था, लेकिन बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ा कि उसने हमला कर दिया। घटना मंगलवार नैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लकमा डुंगरिया की है। पुलिस के मुताबिक, सुरेश परते को शराब की बुरी लत थी। वे अक्सर शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी और घर के दूसरे लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट किया करते थे। पिता की इन रोज-रोज की हरकतों से पूरा परिवार बेहद परेशान था। इसी सिलसिले में उनका बेटा सुनील परते, जो नागपुर में रहकर मजदूरी करता है, दो दिन पहले ही अपने पिता को समझाने-बुझाने के लिए गांव आया हुआ था।


बातचीत के दौरान बढ़ा विवाद और चल गई कुल्हाड़ी

नैनपुर एसडीओपी मनीष राज ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार देर रात इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच एक बार फिर बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि तैश में आकर सुनील ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाई और अपने पिता सुरेश परते पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से सुरेश को गंभीर चोटें आईं और तड़पते हुए मंगलवार सुबह करीब 4 बजे घर पर ही उनकी मौत हो गई।

आरोपी बेटा गिरफ्तार

वारदात की खबर मिलते ही नैनपुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ एफएसएल (इएथ) की फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सबूत जुटाए। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। वहीं, पुलिस ने बेटे सुनील परते को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## गांधी प्राणी उद्यान में बीमार तेंदुआ स्वस्थ, उपचार के बाद मिली राहत



ग्वालियर । 9 जुलाई 2026: गांधी प्राणी उद्यान में संरक्षित रेस्क्यू किए गए तेंदुए का सफल उपचार के बाद स्वास्थ्य पूरी तरह सुधर गया है। बीमारी के कारण उसने कुछ दिनों तक भोजन छोड़ दिया था, लेकिन चिकित्सकों की देखरेख के बाद अब वह सामान्य रूप से भोजन कर रहा है। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार, तेंदुए की स्थिति स्थिर है और उसकी नियमित निगरानी जारी है।

## जिला अस्पताल की क्रिटिकल केयर यूनिट में कथित अनियमितताओं पर जांच लंबित, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

बुरहानपुर । 9 जुलाई 2026: बुरहानपुर जिला अस्पताल की क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए खरीदी गई सामग्री में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। आरोप है कि उपकरणों और अन्य सामग्री की खरीद में लगभग 15 लाख रुपये की अनियमितता हुई, जबकि मामले की जांच कई महीनों बाद भी पूरी नहीं हो सकी है।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री अजय सिंह रघुवंशी ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का दावा करने वाली सरकार इस मामले में कार्रवाई करने में विफल रही है। उन्होंने जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बताया जा रहा है कि इस मामले की शिकायत सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी की गई थी। इसके बावजूद जांच प्रक्रिया अभी जारी है और अंतिम निर्णय का इंतजार किया जा रहा है।

हालांकि, मामले में अभी तक जांच पूरी नहीं हुई है और कथित अनियमितताओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दीनदयाल सिटी मॉल के व्यापारियों को 15 दिन में ट्रेड लाइसेंस बनवाने के निर्देश

ग्वालियर । 9 जुलाई 2026: नगर निगम ग्वालियर ने दीनदयाल सिटी मॉल में संचालित सभी दुकानों के लिए 15 दिनों के भीतर 100 प्रतिशत ट्रेड लाइसेंस बनवाने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में निगम अधिकारियों ने मॉल प्रबंधन और व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर निगम के अनुसार, शहर की सभी व्यावसायिक इकाइयों के लिए ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य किया गया है, ताकि व्यवसाय बिना किसी कानूनी बाधा के संचालित हो सके। बैठक में मॉल प्रबंधन ने निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी दुकानों के ट्रेड लाइसेंस बनवाने पर सहमति जताई।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अभियान



के तहत शहर के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाइसेंस सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे राजस्व व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियां भी नियमानुसार संचालित हो सकें।

## स्वच्छ ग्वालियर एप की शिकायतों में लापरवाही पर कार्रवाई, अधिकारियों को नोटिस और वेतन कटौती

ग्वालियर । 9 जुलाई 2026: स्वच्छ ग्वालियर एप पर लंबित शिकायतों और बैठक से अनुपस्थित रहने को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की है। समीक्षा बैठक में अनुपस्थित एक उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जबकि तीन कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए



गए।

अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने स्वच्छ ग्वालियर एप पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी शिकायतों का दो दिनों के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा में एप पर 1,564 शिकायतें लंबित मिलने पर नाराजगी जताई गई।

अपर आयुक्त ने एप को और प्रभावी बनाने के लिए शिकायतों के विकल्प बढ़ाने तथा तकनीकी रूप से अपडेट करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि सात दिन बाद दोबारा समीक्षा की जाएगी और लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।












## एटीएम का कचरा सड़क पर फेंकने पर बैंक को नोटिस के निर्देश, जलभराव और अतिक्रमण पर नगर निगम सख्त



ग्वालियर । 9 जुलाई 2026: नगर निगम के अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव ने बारिश के दौरान जलभराव और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान सिटी सेंटर स्थित एक बैंक के एटीएम से निकली पर्चियां सड़क पर मिलने पर उन्होंने संबंधित बैंक को नोटिस जारी करने और जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था सुधारने, सड़कों के गड्ढे भरने और नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही पार्कों के रखरखाव और शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

अपर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्त कार्रवाई जारी रखेगा।

## छोटी माता मंदिर में बारिश में बढ़ा खतरा, सीढ़ियां टूटीं, रेलिंग गायब, भक्तों को लगी चोट




देवास (ईएमएस)। माता टेकरी स्थित छोटी माता मंदिर तक जाने वाली सीढ़ियां जर्जर हो गई हैं। कई जगह सीढियां टूटी हुई हैं और रेलिंग नहीं होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में फिसलन बढ? से हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के कारण कई स्थानों पर सीढ़ियों पर पानी भर जाता है। ग्रेनाइट और मार्बल भी कई जगह से टूट चुके हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को चढ? और उतरने में दिक्कत होती है। रेलिंग नहीं होने से संतुलन बिगड? पर सहारा भी नहीं मिल पाता। बुधवार को एक श्रद्धालु सीढ़ियों से फिसलकर गिर गया। हादसे में उसके हाथ में चोट आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। उनका कहना है कि यदि सीढ़ियों के किनारे मजबूत रेलिंग होती, तो श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से आ-जा सकते थे। छोटी माता मंदिर के पुजारी अशोक नाथ ने बताया कि बुधवार को एक भक्त उतरते समय फिसल गया, जिससे उसके हाथ में चोट आई। उन्होंने कहा कि पहले भी कई श्रद्धालु गिर चुके हैं। टूटी सीढ़ियों और रेलिंग नहीं होने के कारण लगातार परेशानी बनी हुई है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से जल्द व्यवस्था सुधारने की अपील की। श्रद्धालुओं ने प्रशासन और मंदिर प्रबंधन से टूटी सीढ़ियों की जल्द मरम्मत कराने, पानी निकासी की व्यवस्था सुधारने और मजबूत रेलिंग लगाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने पहाड़ी पर भूस्खलन की घटनाओं को देखते हुए जरूरी स्थानों पर सुरक्षा जालियां लगाने और सीढ़ी मार्ग को सुरक्षित बनाने की भी मांग की है।

## एंबुलेंस नहीं मिलने से रास्ते में

# चार नवजातों की मौत



मंडला के बिछिया में प्रसूता ने रास्ते में चार शिशुओं को दिया जन्म, परिजनों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठाए सवाल

मंडला (ईएमएस)। जिले के बिछिया विकासखंड में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। घुटास-नेगवां गांव निवासी रजनी सिंगराम को प्रसव पीड़ा होने पर समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी। आरोप है कि मजबूरी में परिजन उन्हें ऑटो से अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही प्रसव हो गया। महिला ने चार नवजात शिशुओं को जन्म दिया, लेकिन उपचार नहीं मिलने के कारण चारों की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की कमी पर सवाल उठाए हैं। मामले को लेकर जांच की मांग की जा रही है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने भी पूरे घटनाक्रम की पड़ताल शुरू कर दी है।

## बंगलामुखी मंदिर में दान के प्रबंधन पर उच्च स्तरीय जाँच के आदेश

आगर मालवा,(ईएमएस)। मध्यप्रदेश के आगर मालवा ज़िले में स्थित प्रसिद्ध माँ बगलामुखी मंदिर नए विवाद के केंद्र में आ गया है, जहाँ दान और चढ़ावे के प्रबंधन में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बाद जिला प्रशासन ने उच्च-स्तरीय जाँच के आदेश दिए हैं। अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े हालिया विवाद के बाद सामने आए मामले में, प्रशासन ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जिसे 7 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी।




आगर मालवा की कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रशासन को शिकायतें मिली थीं कि मंदिर परिसर में एक गैर-सरकारी समिति, सरकारी प्रबंधन समिति से अलग होकर नकद दान और सोने-चांदी के चढ़ावे इकट्ठा कर रही थी। आरोपों में कहा गया है कि भक्तों के दान के लिए निजी बैंक खातों का इस्तेमाल हो रहा था, जो मांदिर के फंड के प्रबंधन में संभावित गड़बड़ियों की ओर इशारा करता है। इन गंभीर आरोपों की सच्चाई का पता लगाने के लिए, कलेक्टर ने स्वतंत्र जाँच का आदेश दिया है। इस जाँच के लिए, ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीएस सोलंकी की अध्यक्षता में जाँच कमेटी गठित की गई है। जिला ट्रेज़री अधिकारी मनीष सोलंकी और नलखेड़ा नगर परिषद की मुख्य नगर अधिकारी मिन्नी अग्रवाल इसके सदस्य हैं। समिति मंदिर परिसर का निरीक्षण करेगी और दान तथा चढ़ावा इकट्ठा करने की पूरी व्यवस्था की गहन जाँच करेगी। अधिकारी रसीद बुक, बैंक खाते और अन्य वित्तीय रिकॉर्ड खंगालने वाले हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दान का प्रबंधन निर्धारित नियमों के अनुसार किया गया था या नहीं।


स्वयं प्रकाशक, मुद्रक एवं प्रधान संपादक डॉ. विनायक अशोक लुनिया जैन हैं। यह समाचार पत्र उदय रतन ऑफसेट प्रेस, घटकार्पर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (मध्य प्रदेश) से मुद्रित तथा19, कालिदास मार्ग, उज्जैन, मध्य प्रदेश से प्रकाशित किया जाता है। इसके प्रधान संपादक डॉ. विनायक अशोक लुनिया जैन हैं। यह मीडिया संस्थान अपने डिजिटल संस्करण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के अंतर्गत अधिसूचित डिजिटल मीडिया आचार संहिता का पूर्णतः पालन करता है, जिसे भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया है। संस्थान भारत सरकार को नियमित रूप से मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सभी वैधानिक एवं नियामकीय प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। संस्थान का आधिकारिक ई-मेल पता dsdujn@gmail.com(graviance : info@sachchadost.in) है। समाचार पत्र, उसके डिजिटल संस्करण तथा उससे संबंधित किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, दावे, शिकायत अथवा न्यायिक कार्यवाही का निपटारा लुनिया विनायक प्राइवेट लिमिटेड के मुख्यालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत होगा तथा ऐसे सभी मामलों पर सक्षम न्यायालय, सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) का क्षेत्राधिकार लागू होगा।












# एआई से बदल रही भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था: सस्ती जांच, तेज़ निदान और बेहतर इलाज की नई दिशा

नई दिल्ली । 9 जुलाई 2026: कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence-AI) भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में तेजी से बदलाव ला रही है। अस्पतालों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक एआई आधारित तकनीकों का उपयोग बढ़ने से रोगों की शुरुआती पहचान, सटीक निदान और बेहतर उपचार संभव हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में एआई स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

भारत जैसे विशाल देश में जहां बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सीमित है, वहां एआई आधारित समाधान स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई, लैब रिपोर्ट और अन्य चिकित्सीय आंकड़ों का कुछ ही मिनटों में विश्लेषण कर एआई डॉक्टरों को अधिक सटीक निर्णय लेने में सहायता प्रदान कर रही है।

**कैंसर की शुरुआती पहचान में बड़ी सफलता**

स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का सबसे प्रभावी उपयोग कैंसर की प्रारंभिक जांच में देखने को मिल रहा है। सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की शुरुआती अवस्था में पहचान अब पहले की तुलना में अधिक आसान और कम खर्चीली होती जा रही है। एआई आधारित तकनीकें सूक्ष्म असामान्यताओं का पता लगाकर मरीजों को समय रहते उपचार उपलब्ध कराने में मदद कर रही हैं, जिससे मृत्यु दर कम होने की उम्मीद बढ़ी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि पोर्टेबल और डिजिटल जांच प्रणालियों के माध्यम से दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी कैंसर स्क्रीनिंग को गति मिल रही है। इससे उन महिलाओं को भी समय पर जांच की सुविधा मिल सकेगी, जो अब तक आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित थीं।

**टेलीमेडिसिन से गांवों तक पहुंच रही विशेषज्ञ चिकित्सा**

देश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ एआई संचालित टेलीमेडिसिन का महत्व लगातार बढ़ रहा है। वीडियो परामर्श, डिजिटल रिपोर्ट विश्लेषण और मरीजों की दूरस्थ निगरानी के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सक अब ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के मरीजों तक भी अपनी सेवाएं पहुंचा रहे हैं।

सरकार की डिजिटल स्वास्थ्य पहल और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से मरीजों को घर बैठे चिकित्सा परामर्श, दवा संबंधी सलाह और नियमित स्वास्थ्य निगरानी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

**महामारी नियंत्रण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में भी अहम भूमिका**

एआई केवल व्यक्तिगत उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को भी मजबूत बना रही है। यह तकनीक रोगों के प्रसार की निगरानी, महामारी की संभावित चेतावनी, टीकाकरण अभियान की बेहतर योजना, स्वास्थ्य संसाधनों के प्रभावी वितरण और आपातकालीन प्रबंधन में प्रशासन की सहायता कर रही है।

डेटा विश्लेषण की उच्च क्षमता के कारण स्वास्थ्य विभाग समय रहते संभावित स्वास्थ्य संकटों की पहचान कर आवश्यक कदम उठा सकता है।




**चुनौतियां भी कम नहीं**

हालांकि एआई स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए नई संभावनाएं लेकर आई है, लेकिन इसके साथ कई महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। मरीजों के संवेदनशील स्वास्थ्य डेटा की सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, गोपनीयता, डेटा के दुरुपयोग की आशंका और एआई मॉडल की पारदर्शिता आज भी बड़ी चिंताएं बनी हुई हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एआई प्रणाली को अपूर्ण या पक्षपातपूर्ण आंकड़ों पर प्रशिक्षित किया जाता है, तो गलत चिकित्सीय निष्कर्ष सामने आ सकते हैं। इसलिए मजबूत डेटा सुरक्षा कानून, स्पष्ट नियामक व्यवस्था और नैतिक मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है।

**डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि मजबूत सहयोगी**

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का स्पष्ट मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कभी भी डॉक्टरों का स्थान नहीं ले सकती। रोगी की भावनाओं को समझना, जटिल परिस्थितियों में नैतिक निर्णय लेना और मानवीय संवेदनशीलता के साथ उपचार करना केवल प्रशिक्षित चिकित्सक ही कर सकते हैं। एआई का उद्देश्य डॉक्टरों की क्षमता बढ़ाना है, न कि उन्हें प्रतिस्थापित करना।

**स्वास्थ्य सेवा का भविष्य**

आने वाले समय में एआई, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, टेलीमेडिसिन और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के समन्वय से भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक आधुनिक, सुलभ तथा प्रभावी बनने की संभावना है। यदि तकनीकी नवाचार के साथ मजबूत कानूनी ढांचा, डेटा सुरक्षा और प्रशिक्षित मानव संसाधन सुनिश्चित किए जाते हैं, तो एआई देश में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की नई क्रांति का आधार बन सकती है।














# जूही का किरदार अलग है, हर दिन कुछ सीखने को मिलता है: ईशा सिंह

नयी दिल्ली, 08 जुलाई (वार्ता) कलर्स चैनल पर हाल ही में शुरू हुए टेलीविजन शो 'जूही मुई' में जूही की भूमिका निभा रही ईशा सिंह का कहना है कि जूही का किरदार अन्य हीरोइनों से अलग है, और वह हर दिन उससे कुछ न कुछ सीखती हैं।

शो की मुख्य किरदार जूही ऑटिज्म से पीड़ित लड़की है। उसके पिता हर बात में उसका पूरा ध्यान रखते हैं और उसे कोई दिक्कत नहीं होने देते। यह कहीं न कहीं उसे दुनिया का सामना करने के अनुभव से वंचित करता है। उसका असली संघर्ष उसके पिता के अचानक गुजर जाने के बाद शुरू होता है।

ईशा ने 'यूनीवार्ता' को एक विशेष बातचीत में बताया कि जूही इस मायने में भी अलग है कि उसका मन बिल्कुल निश्छल है, वह किसी का बुरा नहीं चाहती है। इस शो के माध्यम से एक संदेश देने की भी कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, ' जूही आपको हंसायेगी, रुलायेगी, लेकिन जब आप देखेंगे तो आपको उससे प्यार हो जायेगा। हर किसी को जूही जैसा बनना चाहिये। वह बहुत प्यारी है।'

मूल रूप से भोपाल में जन्मीं और पली बढ़ी ईशा तथा शो में इंस्पेक्टर संयम सिंह की भूमिका निभाने वाले मुख्य अभिनेता विजयेंद्र कुमेरिया शो के प्रचार के लिए बुधवार को यहां आये हुए थे। शो की कहानी दिल्ली की पृष्ठभूमि में ही गढ़ी गयी है।

ग्यारह साल पहले भोपाल से मुंबई आयी ईशा ने कहा कि जूही की भूमिका निभाना एक शानदार अनुभव है, हर दिन करने के लिए कुछ नया होता है, हर दिन कुछ सीखने के लिए मिलता है। उन्होंने कहा, ' यह एक आम किरदार नहीं है, वह आम हीरोइन नहीं है जो सिर्फ खूबसूरत दिखी, बस बाल झटकाये... उसके अपने संघर्ष हैं। वह इस दुनिया के लिए तैयार ही नहीं है, उसे नहीं पता कि अच्छे-बुरे लोगों का किस तरह सामना करना है। उसके किरदार में घुसने के लिए हर दिन मेरे दिमाग में कुछ न कुछ चलता रहता है कि मैं क्या नया करूं। अंत में बहुत खुश होकर घर जाती हूं कि मैंने कुछ नया किया। '

ईशा ने कहा कि यदि इस शो के माध्यम से लोगों को थोड़ा भी ऑटिज्म के बारे में

## अनुराग कश्यप ने की 'बेबी डू डाई डू' की तारीफ, दर्शकों से समर्थन की अपील



मुंबई। फिल्मकार अनुराग कश्यप ने अभिनेत्री हुमा कुरैशी की फिल्म ङङ'बेबी डू डाई डू'ङङ की सराहना करते हुए दर्शकों से फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ के जरिए समर्थन देने की अपील की। बेंगलुरु में आयोजित विशेष स्क्रीनिंग के दौरान उन्होंने कहा कि अच्छी फिल्मों को दर्शकों तक पहुंचने का पर्याप्त मौका मिलना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि फिल्म लोगों के दिलों को छू रही है और इसे अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुंचना चाहिए। नचिकेत सामंत निर्देशित इस फिल्म में हुमा कुरैशी के साथ सिकंदर खेर, चंकी पांडे और अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# 'खिलाड़ी ' से 'हाउसफुल', 'केसरी' से 'हेरा फेरी' तक फ्रेंचाइजी फिल्मों के सबसे बड़े चेहरों में शामिल हैं अक्षय कुमार




**मुंबई, 08 जुलाई (वार्ता) बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने तीन दशक से अधिक लंबे फिल्मी करियर में हिंदी सिनेमा की कई सफल फ्रेंचाइजी फिल्मों का नेतृत्व कर अपनी अलग पहचान बनाई है। वेलकम टू द जंगल के रिलीज़ के साथ एक बार फिर यह चर्चा तेज हो गई है कि बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय फिल्म श्रृंखलाओं में अक्षय कुमार की मौजूदगी सबसे मजबूत रही है।**

वर्ष 1992 में प्रदर्शित खिलाड़ी ने अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा का नया एक्शन स्टार बनाया। कॉलेज कैंपस की पृष्ठभूमि पर बनी इस थ्रिलर फिल्म की सफलता के बाद 'खिलाड़ी' उनकी पहचान बन गया। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी में 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'सबसे बड़ा खिलाड़ी', 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी', 'मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी', 'इंटरनेशनल खिलाड़ी' और 'खिलाड़ी 420' जैसी फिल्में आईं, जिन्होंने 'खिलाड़ी' ब्रांड को और मजबूत किया।

वर्ष 2000 में रिलीज़ हेरा फेरी ने अक्षय कुमार को कॉमेडी का नया आयाम दिया। फिल्म में उनके निभाए 'राजू' के किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ उनकी तिकड़ी हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय कॉमिक जोड़ियों में शामिल है। इसके बाद 'फिर हेरा फेरी' रिलीज़ हुई और अब 'हेरा फेरी 3' का दर्शकों को इंतजार है।

वर्ष 2010 में शुरू हुई हाउसफुल की सफलता के बाद 'हाउसफुल 2', 'हाउसफुल 3', 'हाउसफुल 4' और 'हाउसफुल 5' रिलीज़ हुईं। इस पूरी श्रृंखला में अक्षय कुमार प्रमुख चेहरा रहे और उन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।


वर्ष 2012 में प्रदर्शित ओह माय गॉड ने अंधविश्वास और आस्था जैसे विषयों को हास्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके बाद 'ओएमजी 2' ने यौन शिक्षा और सामाजिक वर्जनाओं जैसे विषयों को उठाकर इस फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाया।

वर्ष 2019 में प्रदर्शित केसरी में अक्षय कुमार ने बैटल ऑफ़ सारागढ़ी में 21 सिख सैनिकों की वीरता को पर्दे पर जीवंत किया। इसके बाद 'केसरी चैप्टर 2' के जरिए इस फ्रेंचाइजी का विस्तार किया गया, जिसमें भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक अन्य महत्वपूर्ण अध्याय को प्रस्तुत किया गया।

वर्ष 2007 में प्रदर्शित वेलकम हिंदी सिनेमा की सबसे सफल कॉमेडी फिल्मों में शामिल है। इसके बाद फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 'वेलकम बैक' रिलीज़ हुई, जिसमें अक्षय कुमार नजर नहीं आए। अब वेलकम तू द जंगल के साथ अक्षय ने इस फ्रेंचाइजी में वापसी की। बड़े कलाकारों की टोली और पारिवारिक मनोरंजन के साथ यह फिल्म दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

इन सभी फ्रेंचाइजी फिल्मों के जरिए अक्षय कुमार ने एक्शन, कॉमेडी, सामाजिक व्यंग्य और ऐतिहासिक कथाओं जैसे विभिन्न विषयों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। यही कारण है कि उन्हें हिंदी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी फिल्मों का सबसे भरोसेमंद चेहरा माना जाता है।

## यश-कियारा की फिल्म 'टॉक्सिक' का पहला गाना 'तबाही' रिलीज़



मुंबई। रॉकिंग स्टार यश और कियारा आडवाणी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' का पहला गाना 'तबाही' रिलीज़ हो गया है। विशाल मिश्रा की आवाज़ और संगीत से सजे इस गीत में यश और कियारा के बीच अनकहे प्यार, भावनात्मक संघर्ष और शानदार केमिस्ट्री को खूबसूरती से दिखाया गया है। निर्देशक गीतू मोहनदास की इस फिल्म में नयनतारा, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 26 अगस्त 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।









# इंग्लैंड के साथ चौथा टी20 आज, सीरीज बचाने उतरेगी भारतीय टीम

ब्रिस्टल (ईमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां चौथे टी20 क्रिकेट मैच में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ जीत के साथ ही सीरीज बचाने के इरादे से उतरेगी। मेजबान इंग्लैंड टीम पांच मैचों की इस सीरीज में 2-0 से आगे हैं। ऐसे में भारतीय टीम को अगर सीरीज में बराबरी करनी है तो उसे ये मैच हर हाल में जीतन होगा। सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था जबकि दूसरा और तीयरा टी20 मैच मेजबान टीम ने जीता है। मेजबान टीम ने तीसरे टी20 में 125 रनों से बड़ी जीत दर्ज की है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं और वह इस मैच में भी बड़ी जीत दर्ज करना चाहगी। तीसरे टी20 में भारतीय टीम की बल्लेबाजी असफल रही थी और केवल चार बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये थे। ऐसे में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को जीत हासिल करने इस मैच में बड़ी पारियां खेलनी होंगी। भारतीय टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर के पास कप्तानी संभालने के बाद अपनी पहली जीत दर्ज करने और सीरीज के आखिरी मैच से पहले बेहतर



प्रदर्शन कर टीम को प्रेरित का अवसर है। भारतीय टीम के लिए पिछले मैच में बल्लेबाजी चिंता का मुख्य कारण रही थी। टीम के केवल चार बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाए थे, जो टीम के कुल स्कोर पर गंभीर प्रभाव डालता है। इस महत्वपूर्ण मुकाबले में जीत हासिल करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को जिम्मेदारी भरी बड़ी पारियां खेलनी होंगी और एक मजबूत स्कोर खड़ा करना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर, जो अपनी कप्तानी में पहली जीत दर्ज करने और टीम को प्रेरित करने का अवसर देख रहे हैं, को बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान देना होगा।

इंग्लैंड की तेज और उछाल भरी गेंदों का सामना करने में भारतीय बल्लेबाज अब तक सहज नहीं दिखे हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को इस चुनौती से निपटने के लिए एक ठोस रणनीति के साथ उतरना होगा और यह देखना दिलचस्प होगा कि अंतिम ग्यारह में किसे स्थान मिलता है। टीम चयन को लेकर काफी अटकलें हैं, विशेषकर संजू सैमसन को लेकर, जिन्हें युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को मौका देने के लिए पिछले मैच में बाहर रखा गया था। अब यह देखना होगा कि क्या इस करो या मरो के मैच में सैमसन को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। भारतीय टीम का मध्यक्रम भी लगातार रनों के लिए संघर्ष कर रहा है, और तिलक वर्मा जैसे प्रमुख बल्लेबाज का फॉर्म में न होना टीम के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है।

गेंदबाजी विभाग में, बीच के ओवरों में स्पिनर मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में असफल रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है, लेकिन वे भी नियमित अंतराल पर विकेट लेने में उतने सफल नहीं हो पाए हैं जितनी अपेक्षा की जाती है।

दूसरी ओर, इंग्लैंड की टीम दो लगातार जीत के बाद उत्साह से लबरेज है। कप्तान हैरी ब्रूक शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और फिल सॉल्ट की फॉर्म में वापसी ने उनकी बल्लेबाजी क्रम को और भी मजबूत कर दिया है। तेज गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर और जोश टोंग ने अब तक भारतीय शीर्ष क्रम को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया है और उनसे इस मैच में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत को अगर सीरीज में अपनी उम्मीदें जीवित रखनी हैं, तो उसे हर विभाग में असाधारण प्रदर्शन करना होगा।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं1

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, सूर्यांश शेडगे, वाशिंगटन सुंदर

इंग्लैंड : हैरी ब्रूक (कप्तान), फिल साल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, सैम करन, विल जैक्स, जोफ्रा आर्चर, लियाम डॉसन, आदिल राशिद, जोश टोंग, जॉर्डन कॉक्स, सोनी बेकर, ल्यूक वुड, साकिब महमूद, रेहान अहमद, जेम्स कोल्स।

## फीफा ने माइकल ओलिस को मिले पीले कार्ड के खिलाफ फ्रांस की अपील खारिज की

बोस्टन, 09 जुलाई (सार्ता) अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने पैराग्वे के खिलाफ माइकल ओलिस को मिले पीले कार्ड को रद्द करने की फ्रांस के फुटबॉल महासंघ की अपील को खारिज कर दिया है। फ्रांस फुटबॉल टीम के मुख्य कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फीफा से उनका अनुरोध खारिज कर दिया गया है, जिसका मतलब है कि अगर ओलिसे गुरुवार को बोस्टन में मोरक्को के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मुकाबले में एक और पीला कार्ड हासिल करते हैं तो उन पर सेमीफाइनल से निलंबित होने का खतरा है।

## ज़्वेरेव पहली बार विंबलडन सेमीफ़ाइनल में पहुंचे



लंदन, 08 जुलाई, (वार्ता) बुधवार को विंबलडन में अलेक्जेंडर ज़्वेरेव का सामना अपने सबसे मुश्किल प्रतिद्वंद्वियों में से एक टेलर फ्रिट्ज़ से हुआ, लेकिन दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी ने उस चुनौती को प्रेरणा में बदला और ग्रास-कोर्ट पर शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की।

दुनिया के नंबर 7 खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज़ के खिलाफ लगातार सात मैच हारने के बाद, ज़्वेरेव ने बाजी पलट दी और 1 घंटे 59 मिनट में 6-4, 6-4, 6-2 से शानदार जीत दर्ज की। ज़्वेरेव, जिन्होंने पिछले महीने रौलां गैरो में अपना पहला बड़ा खिताब जीता था और पूरे आत्मविश्वास के साथ खेल रहे हैं, अब अपने पहले विंबलडन सेमीफ़ाइनल में पहुंच गए हैं। वह ओपन एरा में ऑल इंग्लैंड क्लब में अंतिम चार में पहुंचने वाले केवल पांचवें जर्मन पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

## भारत के खिलाफ लॉड्र्स टेस्ट के बाद टैमी ब्यूमोंट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लेंगी संन्यास

लंदन, 09 जुलाई (वार्ता) इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरु हो रहे लॉड्र्स टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। नवंबर 2009 में सेंट किट्स में, 18 साल की टैमी ब्यूमोंट ने अपने इंग्लैंड एकदिवसीय पर्दापण पर नंबर 10 पर बल्लेबाजी की और विकेटकीपिंग की। उन्होंने 'ग्राउंड्समैन और पांच-छह माता-पिता' की भीड़ के सामने राष्ट्रगान गाया था।

शुक्रवार को, वह अपने 17 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में 261वीं और आखिरी बार ऐसा ही करेंगी, लेकिन इस बार यह मौका बहुत खास होगा। उन्होंने कहा कि इस पल का 'लंबे समय से इंतज़ार था' - खासकर पिछले साल वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद इंग्लैंड की 50-ओवर की योजनाओं से बाहर किए जाने के बाद - लेकिन यह पल कम भावुक नहीं होगा। वैसे भी, लॉड्र्स में महिलाओं का पहला टेस्ट मैच ब्यूमोंट के अंतरराष्ट्रीय करियर के आखिरी मैच के लिए एक बहुत ही सही मंच होगा।

ब्यूमोंट ने कहा, 'मेरी ज़िंदगी में, महिलाएं पैविलियन में भी नहीं जा सकती थीं और एमसीसी की सदस्य नहीं बन सकती थीं, लेकिन अब ऐसा लगता है कि वहां बहुत भीड़ होगी। लॉड्र्स में टेस्ट मैच में 20 हजार लोगों के सामने खेलने की संभावना यह दिखाती है कि खेल ने कम समय में कितनी तरक्की की है। यह सचमुच अद्भुत है और ऐसी चीज़ है जिस पर हम सभी को बहुत गर्व हो सकता है।'

बहुत कम ऐसे एक्टिव खिलाड़ी हैं जिन्होंने उस ऐतिहासिक बदलाव को देखा है जिसे यह टेस्ट मैच दिखाता है। ब्यूमोंट सात साल की रही होंगी जब सितंबर 1998 में लॉड्र्स ने आखिरकार दो सदियों पुरानी परंपरा को बदला और महिला सदस्यों के पहले ग्रुप को शामिल किया। वह 26 साल की थीं और अपने करियर के सबसे अच्छे दौर में थीं जब जुलाई 2017 में उन्होंने 50-ओवर के वर्ल्ड कप फाइनल में जीत के साथ 'प्लेयर-ऑफ-द-टूर्नामेंट' का प्रदर्शन किया। रविवार को ऑस्ट्रेलिया से टी-20 फाइनल में हार के बाद, यह इंग्लैंड की महिला टीम की सबसे हालिया ग्लोबल ट्रॉफी बनी हुई है।

## भारतीय महिला टीम लॉड्र्स टेस्ट मैच का आनंद लेने के लिए है उत्साहित: मजूमदार

लंदन, 09 जुलाई (वार्ता) भारतीय महिला टीम के हेड कोच अमोल मजूमदार का मानना है कि उनकी टीम टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से बाहर होने की निराशा से उबर चुकी है और लॉड्र्स में कल से शुरु होने वाले पहले महिला टेस्ट मैच के मौके का आनंद लेने के लिए उत्साहित है।

भारत शुक्रवार से शुरू होने वाले ऐतिहासिक चार-दिवसीय मैच में इंग्लैंड का सामना करेगा।

मेहमान टीम वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नई शुरुआत करना चाहेगी। वहीं, इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया से उपविजेता रहने के बाद इस टेस्ट मैच में उतरेगी।











# अमेरिका-ईरान तनाव फिर चरम पर: मिसाइल हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में बढ़ी युद्ध की आशंका, ट्रंप और तेहरान आमने-सामने

वॉशिंगटन/तेहरान, 9 जुलाई 2026: मध्य पूर्व में एक बार फिर तनाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेना ने ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा चिंताएं और युद्ध की आशंकाएं तेज हो गई हैं। यह कार्रवाई फारस की खाड़ी में वाणिज्यिक तेल टैंकरों पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद की गई, जिनके लिए अमेरिका ने ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, तेहरान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के दौरान ईरान के बंदर अब्बास, सीरिक, अबू मूसा द्वीप, चाबहार और कोनारक जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में जोरदार विस्फोटों की खबरें सामने आईं। इन घटनाओं के बाद तटीय इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई के बाद सोशल मीडिया पर हमलों से जुड़ी तस्वीरें साझा करते हुए कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी या अंतरराष्ट्रीय हितों पर दोबारा हमला हुआ तो उसका जवाब पहले से कहीं अधिक कठोर होगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका अपने सहयोगियों और वैश्विक समुद्री व्यापार की सुरक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा।

दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिकी दावों को 'भ्रामक और प्रचार आधारित' बताते हुए ट्रंप द्वारा साझा किए गए दृश्य और दावों को फर्जी करार दिया। ईरानी विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि देश किसी भी सैन्य कार्रवाई का जवाब केवल कूटनीतिक बयानबाजी से नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक क्षमता के अनुसार देगा।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (ण्ङ्ऊण्ध्श) ने भी पुष्टि की कि यह अभियान होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करने के उद्देश्य से चलाया गया। अमेरिका का कहना है कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा उसकी प्राथमिकता है।

हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य व्यापक युद्ध शुरू करना नहीं है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में अमेरिकी हितों पर हमला हुआ तो प्रतिक्रिया कहीं अधिक कठोर होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता यह टकराव वैश्विक तेल बाजार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर व्यापक प्रभाव डाल सकता है। आने वाले दिनों में दोनों देशों की रणनीतिक गतिविधियों पर पूरी दुनिया की नजर बनी रहेगी।

## ईरान की शर्तों पर ही खुलेगा होर्मुज जलडमरूमध्य : ग़ालिबाफ

मॉस्को, 09 जुलाई (वार्ता/स्पूतनिक) ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अमेरिका की धमकियों पर नहीं, बल्कि ईरान की शर्तों पर ही दोबारा खोला जाएगा।

प्रेस टीवी के अनुसार, श्री ग़ालिबाफ ने कहा, 'अमेरिका ने अभी तक यह नहीं सीखा है कि धौंस जमाने और अपनी प्रतिबद्धताएं तोड़ने की अब कीमत चुकानी पड़ती है। मैं स्पष्ट कर दूं कि यदि आप हमला करेंगे, तो जवाबी हमला झेलेंगे। व्यर्थ संघर्ष मत कीजिए, इससे आप और गहरे संकट में फंसेंगे। होर्मुज जलडमरूमध्य केवल ईरानी व्यवस्था के तहत खुलेगा, अमेरिकी धमकियों से नहीं।'

इससे पहले ईरानी मीडिया ने फारस की खाड़ी स्थित अबू मूसा द्वीप तथा ईरान के ईरानशहर, चाबहार, कोनारक, सिरिक, जास्क और बंदर अब्बास शहरों में विस्फोटों की सूचना दी। मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार बंदर अब्बास में वायु रक्षा बलों ने शहर के आसमान में अमेरिकी लक्ष्यों पर गोलीबारी की।

अमेरिकी सेना ने बुधवार को ईरान पर कई हमले किये थे। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर ईरानी हमलों के जवाब में यह कार्रवाई की गयी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसके बाद कहा कि युद्धविराम अब प्रभावी नहीं रहा।

ईरान ने अमेरिका पर दोनों देशों के बीच हुए समझौता ज्ञापन का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए बहरीन और कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किये।

अल मायदीन टीवी के अनुसार हवाई हमले की चेतावनी के बीच बहरीन में विस्फोटों की आवाजें सुनी गयीं। बहरीन के गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'सायरन बजा दिया गया है। नागरिकों और निवासियों से शांत रहने तथा निकटतम सुरक्षित स्थान पर जाने का आग्रह किया जाता है।'

## ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत के परमाणु, समुद्री एजेंडे के केंद्र में चीन की चुनौती

**नयी दिल्ली/मेलबर्न, 08 जुलाई ( वार्ता ) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुधवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के साथ ही भारत की हिंद-प्रशांत रणनीति का एक महत्वपूर्ण चरण शुरू हो गया।**

**अधिकारियों के अनुसार, इस दौरे के केंद्र में चीन की बढ़ती सामरिक सक्रियता, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा ऊर्जा एवं समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाना प्रमुख मुद्दे हैं।**

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिन प्रमुख प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है, उनमें ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम आयात भी शामिल है। विश्व के कुल यूरेनियम भंडार का एक-चौथाई से अधिक हिस्सा ऑस्ट्रेलिया में है और भारत अपनी प्रस्तावित परमाणु आधारित बिजली परियोजनाओं के लिए इस ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहता है। इन परियोजनाओं से भविष्य में स्थापित होने वाले डाटा सेंटरों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रयोगशालाओं को ऊर्जा उपलब्ध करायी जायेगी।

खनन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यूनीवार्ता से कहा, 'चीन की सरकारी खनन कंपनियों की नामीबिया और नाइजर की प्रमुख यूरेनियम खदानों में बड़ी हिस्सेदारी है और कजाखस्तान से होने वाले यूरेनियम निर्यात की सबसे बड़ी खरीदार भी वही हैं। ऐसे में भारत पहले से हुए समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम आयात का विकल्प आगे बढ़ा रहा है।'

विशेषज्ञों का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया से यूरेनियम आयात होने पर भारत में खनन किये गये यूरेनियम का उपयोग अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए किया जा सकेगा। इससे भूमि आधारित मिसाइल प्रणालियों के आधुनिकीकरण, मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल्स (एमआईआरवी) के एकीकरण तथा परमाणु शक्ति संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों (एसएसबीएन) के बेड़े के विस्तार की योजनाओं को बल मिलेगा।

पूर्व मेजर जनरल और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) के पूर्व उपमहानिदेशक आलोक देब ने कहा, 'यह दौरा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समान रणनीतिक हित रखने वाले मध्य शक्तियों के बीच बढ़ते सहयोग का संकेत है। दोनों देशों के बीच होने वाले समझौते सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को नयी दिशा देंगे।'

अधिकारियों ने कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में से कोई भी नया 'ट्रॉपिकल कोल्ड वॉर' नहीं चाहता, लेकिन ये यात्राएं सुरक्षा सहयोग मजबूत करने, आर्थिक संबंधों में विविधता लाने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं, ताकि देशों को चीन और अमेरिका के बीच किसी एक पक्ष का चयन करने के लिए मजबूर न होना पड़े। यद्यपि यह दौरा औपचारिक रूप से क्वाड समूह पर केंद्रित नहीं है, फिर भी इसके प्रमुख विषय जैसे महत्वपूर्ण खनिज, आपूर्ति श्रृंखला, आधारभूत संरचना, समुद्री सहयोग और रक्षा साझेदारी क्वा की प्राथमिकताओं से मेल खाते हैं।

विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा, 'प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया यात्रा ऐसे समय हो रही है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र चीन के सैन्य विस्तार, आर्थिक दबाव और अमेरिका की दीर्घकालिक क्षेत्रीय प्रतिबद्धता को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के कारण तेजी से बदल रहा है।' उन्होंने कहा कि इस यात्रा का समय भी महत्वपूर्ण है। हाल ही में जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की भारत यात्रा में भी सुरक्षा सहयोग और चीन पर निर्भरता कम करने वाली आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण पर विशेष बल दिया गया था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा सहयोग को लगातार मजबूत किया है। दोनों देश संयुक्त समुद्री सुरक्षा रोडमैप तथा सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल पर काम कर रहे हैं। चीन की बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों और आक्रामक क्षेत्रीय नीति ने दोनों देशों को औपचारिक सैन्य गठबंधन से दूर रहते हुए भी सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है।

अधिकारियों का कहना है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की भविष्य की भूमिका को लेकर बढ़ती अनिश्चितता और चीन के बढ़ते प्रभाव ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों को अपनी सामरिक साझेदारियों को और मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है।उन्होंने कहा, 'भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों मानते हैं कि क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अमेरिका की भूमिका महत्वपूर्ण है, लेकिन वहां की घरेलू राजनीतिक परिस्थितियों ने दीर्घकालिक सुरक्षा योजना को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है।'

रक्षा सहयोग के अलावा श्री मोदी की वार्ता में व्यापार, निवेश और ऊर्जा सुरक्षा भी प्रमुख विषय होंगे। वर्ष 2022 में भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) के बाद द्विपक्षीय व्यापार बढ़कर 54 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो चुका है। दोनों देश अब व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईसीए) पर काम कर रहे हैं, जिससे 2030 तक व्यापार 100 अरब डॉलर से अधिक पहुंचने की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों पर पहले ही कई समझौते हो चुके हैं, लेकिन इन खनिजों के प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) पर चीन का वर्चस्व बना हुआ है। इस क्षेत्र में संयुक्त उद्यम स्थापित करने पर भी चर्चा होगी। आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ने की संभावना है। दोनों देश क्वाड पहल के तहत फिजी में बंदरगाह निर्माण परियोजना में पहले से साझेदार हैं, जिसे चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति के जवाब के रूप में देखा जा रहा है।

इसके अलावा भारत और ऑस्ट्रेलिया इस वर्ष रक्षा नीति वार्ता में प्रस्तावित संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप को भी आगे बढ़ायेंगे। दोनों देशों के रक्षा दस्तावेज हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन सहयोग बढ़ाने पर बल देते हैं। छह वर्ष पुराने पारस्परिक लॉजिस्टिक्स समझौते और हालिया एयर-टू-एयर रीफ्यूलिंग समझौते से दोनों सेनाओं के बीच समन्वय और क्षेत्रीय पहुंच को और मजबूती मिली है।









# लगातार चौथे दिन गिरे सोने-चांदी के दाम, चार दिन में चांदी 15,000 तक सस्ती




नई दिल्ली । 9 जुलाई 2026: घरेलू सर्राफा बाजार और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (र्श्ऐं) में गुरुवार को लगातार चौथे दिन सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक बाजार में बढ़ती अनिश्चितता, पश्चिम एशिया में तनाव और निवेशकों की बदली रणनीति का असर कीमती धातुओं की कीमतों पर साफ दिखाई दे रहा है। खासतौर पर चांदी की कीमत में पिछले चार दिनों के दौरान करीब 15,000 प्रति किलोग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

**एमसीएक्स पर सोना-चांदी के ताजा भाव**

एमसीएक्स पर सितंबर 2026 डिलीवरी वाली चांदी लगभग 2,000 की गिरावट के साथ 2,21,502 प्रति किलोग्राम पर कारोबार करती दिखाई दी। वहीं अगस्त 2026 डिलीवरी वाला सोना 610 टूटकर 1,43,101 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। लगातार चार कारोबारी सत्रों की गिरावट ने निवेशकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

**सर्राफा बाजार में क्या रहे भाव?**

घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में लगभग ?10,000 प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद इसका भाव 2,35,000 प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच गया। हालांकि सोने की खुदरा कीमतों में मामूली बढ़त देखने को मिली।

24 कैरेट सोना: 1,43,240 प्रति 10 ग्राम

22 कैरेट सोना: 1,31,300 प्रति 10 ग्राम

18 कैरेट सोना: 1,07,430 प्रति 10 ग्राम

**गिरावट की प्रमुख वजह**

विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई और ब्याज दरों को लेकर निवेशकों की बदलती धारणा का असर कीमती धातुओं पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण निवेशकों ने मुनाफावसूली की रणनीति अपनाई, जिससे सोने और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट दर्ज की गई।

**निवेशकों के लिए क्या संकेत?**

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम, अमेरिकी केंद्रीय बैंक की नीतियां, डॉलर की चाल और भू-राजनीतिक तनाव सोने-चांदी की कीमतों की दिशा तय करेंगे। ऐसे में निवेशकों को बाजार की स्थिति पर नजर रखते हुए सोच-समझकर निवेश करने की सलाह दी जा रही है।

# एयर इंडिया में नेतृत्व परिवर्तन पर असमंजस, नए CEO की नियुक्ति में देरी से बढ़ी चुनौतियां




नई दिल्ली । 9 जुलाई 2026: टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया में नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) की नियुक्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। मौजूदा ण्ढं कैंपबेल विल्सन के पद छोड़ने की घोषणा के बाद नए नेतृत्व के चयन में देरी होने से कंपनी के प्रबंधन और भविष्य की रणनीति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस संक्रमण काल में कंपनी के संचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन एक अंतरिम प्रबंधन समिति (Interim Management Committee) का गठन कर रहे हैं। इस समिति में विमानन क्षेत्र के अनुभवी अधिकारियों को शामिल किए जाने की संभावना है, जो कंपनी के दैनिक संचालन और रणनीतिक निर्णयों की निगरानी करेंगे।

**नए CEO की नियुक्ति पर मतभेद**

एयर इंडिया के नए ण्ढं पद के लिए कंपनी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (Chief Commercial Officer) निपुण अग्रवाल का नाम प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है। हालांकि, उनकी नियुक्ति को लेकर समूह के भीतर अलग-अलग मत सामने आने की खबर है। बताया जा रहा है कि अंतिम निर्णय से पहले सभी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है।

**बढ़ते घाटे से प्रबंधन पर दबाव**

एयर इंडिया पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 27,800 करोड़ के घाटे में रही। ऐसे में कंपनी के सामने परिचालन दक्षता बढ़ाने, सेवा गुणवत्ता सुधारने, लागत नियंत्रण और लाभप्रदता हासिल करने जैसी बड़ी चुनौतियां हैं। प्रबंधन का फोकस अब परिचालन सुधार, समयबद्ध उड़ानें, ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने और वित्तीय प्रदर्शन मजबूत करने पर रहेगा।

**रणनीतिक बदलाव की तैयारी**

कंपनी आने वाले महीनों में अपने नेतृत्व ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। अंतरिम प्रबंधन समिति के माध्यम से संचालन को स्थिर बनाए रखते हुए नए ण्ढं की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत नेतृत्व और प्रभावी प्रबंधन ही एयर इंडिया को प्रतिस्पर्धी विमानन बाजार में नई मजबूती दे सकता है।

एयर इंडिया का नेतृत्व परिवर्तन केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि कंपनी के दीर्घकालिक पुनर्गठन, विस्तार और लाभप्रदता की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है। निवेशकों और विमानन उद्योग की नजर अब नए ण्ढं की नियुक्ति और कंपनी की आगामी रणनीति पर टिकी हुई है।

# मानसून में भी उपयोगी है सौर ऊर्जा: बैटरी स्टोरेज और हाइब्रिड सिस्टम से मिल सकती है निर्बाध बिजली

नई दिल्ली । 9 जुलाई 2026: भारत में सौर ऊर्जा का विस्तार तेजी से हो रहा है और देश स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। हालांकि, मानसून के दौरान बादल, बारिश और कम धूप के कारण सोलर पैनलों से बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, लेकिन आधुनिक तकनीकों की मदद से इस चुनौती का प्रभाव काफी हद तक कम किया जा सकता है।

विशेषज्ञों के अनुसार, सामान्य सोलर पैनल सीधे सूर्य के प्रकाश पर निर्भर होते हैं। लगातार बादल छाए रहने, भारी बारिश और अधिक नमी के कारण पैनलों तक पर्याप्त धूप नहीं पहुंच पाती, जिससे बिजली उत्पादन में उल्लेखनीय कमी आ जाती है। इसके अलावा तेज हवाएं, ओलावृष्टि और अत्यधिक नमी भी सोलर पैनलों की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।

**बैटरी स्टोरेज सिस्टम बना सबसे बड़ा समाधान**

ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि बैटरी स्टोरेज सिस्टम (ॅ्ब हींुब एर्दुी एब्रुस) सौर ऊर्जा को अधिक विश्वसनीय बना रहा है। दिन के समय सोलर पैनलों से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को बैटरियों में संग्रहित किया जाता है, जिसे रात के समय या बारिश के दौरान उपयोग किया जा सकता है। इससे घरों, कार्यालयों और उद्योगों को लगातार बिजली उपलब्ध कराना संभव हो जाता है।

**हाइब्रिड सोलर सिस्टम की बढ़ रही मांग**

मानसून के दौरान निर्बाध बिजली के लिए हाइब्रिड सोलर सिस्टम भी प्रभावी विकल्प बनकर उभर रहे हैं। इनमें सोलर ऊर्जा के साथ पवन ऊर्जा, जलविद्युत अथवा ग्रिड बिजली का संयोजन किया जाता है। इससे कम धूप वाले मौसम में भी बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होती और ऊर्जा की उपलब्धता बनी रहती है।

**भारत तेजी से बन रहा सौर ऊर्जा महाशक्ति**

भारत आज सौर ऊर्जा उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है। सरकार स्वच्छ ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, सोलर मॉड्यूल और विंड एनर्जी के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। देश ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने तथा 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**नियमित रखरखाव से बढ़ती है कार्यक्षमता**

विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून में सोलर पैनलों की नियमित सफाई, समय-समय पर निरीक्षण और मौसम प्रतिरोधी आधुनिक पैनलों का उपयोग करने से बिजली उत्पादन में होने वाले नुकसान को काफी कम किया जा सकता है। नई तकनीकों से लैस सोलर सिस्टम अब पहले की तुलना में अधिक टिकाऊ और प्रभावी साबित हो रहे हैं।

**स्वच्छ ऊर्जा की ओर मजबूत कदम**

ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि बैटरी स्टोरेज, हाइब्रिड सिस्टम और उन्नत सोलर तकनीकों के बढ़ते उपयोग से भविष्य में मानसून और रात के समय भी सौर ऊर्जा का प्रभावी उपयोग संभव होगा। इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटेगी और स्वच्छ ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

# भारी गिरावट के बाद शेयर बाजार की दमदार वापसी,

मुंबई । 9 जुलाई 2026: पिछले कारोबारी सत्र की भारी गिरावट के बाद गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार ने शानदार वापसी की। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और एशियाई बाजारों में तेजी के दम पर घरेलू बाजार मजबूत बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 600 अंकों से अधिक उछल गया, जबकि निफ्टी 50 एक बार फिर 24,000 अंक के महत्वपूर्ण स्तर के ऊपर पहुंच गया।

सुबह के कारोबार में सेंसेक्स लगभग 617 अंक की बढ़त के साथ 77,121 अंक के आसपास कारोबार करता दिखाई दिया, जबकि निफ्टी करीब 186 अंक मजबूत होकर 24,067 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले बुधवार को बाजार में भारी बिकवाली के चलते सेंसेक्स 1,677 अंक और निफ्टी 516 अंक से अधिक टूटकर बंद हुआ था।

**बैंकिंग और ऑटो शेयरों ने संभाला बाजार**

आज के कारोबार में बैंकिंग, ऑटो, फार्मा और उपभोक्ता क्षेत्र के शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स के अधिकांश शेयर बढ़त के साथ खुले। सन फार्मा, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख शेयरों ने बाजार को मजबूती प्रदान की।

हालांकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के कुछ प्रमुख शेयरों में दबाव बना रहा। इन्फोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा जैसे शेयरों में शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट दर्ज की गई।

**व्यापक बाजार में भी तेजी**

मुख्य सूचकांकों के साथ-साथ व्यापक बाजार में भी सकारात्मक माहौल देखने को मिला। मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में भी लगभग एक प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और बैंकिंग सेक्टर में अच्छी खरीदारी रही, जबकि आईटी सेक्टर अपेक्षाकृत कमजोर बना रहा।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अधिकांश शेयर हरे निशान में कारोबार करते दिखाई दिए, जिससे निवेशकों का भरोसा लौटता नजर आया।

**निवेशकों की नजर वैश्विक संकेतों पर**

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, एशियाई बाजारों में तेजी, वैश्विक आर्थिक संकेतों में सुधार और निवेशकों की खरीदारी ने घरेलू बाजार को मजबूती दी है। हालांकि आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम, अमेरिकी आर्थिक नीतियां, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की आगे की दिशा तय करेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में फिलहाल उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, इसलिए निवेशकों को दीर्घकालिक रणनीति के साथ सोच-समझकर निवेश करने की सलाह दी जा रही है।


Lv
सच्चा दोस्त
वह नहीं जो भीड़ में साथ चले,
वह है जो मुश्किल में साथ दे।
सच्चा दोस्त – हमेशा साथ
सच्चे दोस्त
कभी दूर नहीं होते,
वह दिल के करीब
होते हैं।


क्या आप
अवसादग्रस्त
और प्रेम जीवन में
निरश है?
जुड़ें
HAPPY LIFE –
POSITIVE VIBES
कार्यक्रम से
मुख्य विशेषताएँ
100% ऑनलाइन
एवं गोपनीय सत्र
व्यक्तिगत जीवन एवं
ऊर्जा विश्लेषण
तनाव, स्वास्थ्य एवं
वित्तीय मार्गदर्शन
साप्ताहिक ऑनलाइन
परामर्श
व्यावहारिक जीवनशैली
सुधार योजना
ऊर्जा बढ़ाएँ
सकारात्मक सोच
विकसित करें
केवल 30 दिनों में अपने जीवन में लाएँ
संतुलन • सकारात्मक सोच • प्रेरणा • खुशी
पाथ ऑफ लिविंग
नेचुरोपैथी क्लब प्राइवेट लिमिटेड
PLNC.SACHCHADOST.IN
1 माह का ऑनलाइन कोर्स
अभी जुड़ें!
8109913008